Gt. 200
22/2/2020

संख्या– 203 / सत्तर–रा0से0यो0को0–20–22 / 2002

प्रेषक,

मनोज कुमार,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

कुल सचिव का कार्यालय
डाक प्राप्ति
संख्या 107
तिथि 20/02/2020
लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ–226007

DR-2961
22.2.2020

सेवा में,

कुलसचिव,
रा0से0यो0 से संबंधित समस्त विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

उच्च शिक्षा (राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक) विभाग लखनऊः दिनांक 17 फरवरी, 2020

**विषयः उत्तर प्रदेश सचिवालय स्तर पर पुनर्गठित रा0से0यो0 प्रकोष्ठ में विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी के पद पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर चयन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश में रा0से0यो0 के सफल संचालन हेतु भारत सरकार के निर्देशानुसार शासन स्तर पर रा0से0यो0 प्रकोष्ठ की स्थापना की गयी है, जिसमें न्यूनतम वेतन मैट्रिक्स लेवल– 12 (पे बैण्ड रू0 15600–39100 ग्रेड पे 7600) के पद पर विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी का एक पद सृजित है, जिसके लिये भारत सरकार के मैनुअल के प्रस्तर–1.6 में निम्नलिखित अर्हताएं निर्धारित की गयी है :–

(a) He/She should have served as Programme Coordinator in the University or Programme Officer in a college at least for four years continuously.

(b) He/She should possess the academic qualifications for being appointed as Programme Coordinator as prescribed by the Department of Youth Affairs & Sports, Government of India.

(c) He/She should have interest in Youth work in particular and social work in general.

2– उक्त पद पर चयन प्रमुख सचिव / सचिव की अध्यक्षता में गठित चयन समिति द्वारा किया जाएगा। उक्त नियुक्ति सेवा स्थानान्तरण / प्रतिनियुक्ति के आधार पर मूलतः दो वर्षों के लिये की जाएगी, जिसे कार्यकुशलता के आधार पर अग्रेतर दो वर्षों के लिये बढ़ाया जा सकता है।

3– उक्त पदधारक को उसके वेतन के अतिरिक्त मंहगाई व अन्य भत्ते, जो भी उन्हें राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किये गये आदेशों के अनुसार अनुमन्य हों, देय होंगे।

4– अतः आपसे पुनः अनुरोध है कि उक्त पद पर कार्य करने के इच्छुक अपने विश्वविद्यालय तथा उससे सम्बद्ध महाविद्यालयों में कार्यरत् अभ्यर्थियों के पूर्णरूप से भरे हुए आवेदन पत्र दिनांक 07 मार्च, 2020 तक भीतर शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

....2/--

D.R.(G.A)

I/C (G.A.)

19.2.20

22.2.2020

P.T.O

दिनाक 07 मार्च, 2020 के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। (पूर्व में दिनांक 19 नवम्बर, 2019 के विज्ञापन के अनुसार प्रार्थना–पत्र प्रेषित कर चुके अभ्यर्थियों को पुनः प्रार्थना–पत्र प्रेषित करने की आवश्यकता नहीं है।)

भवदीय,

( मनोज कुमार )
विशेष सचिव।

**संख्या– 203(1)/सत्तर–रा0से0यो0को0–20–22/2002, तद्‌दिनांक।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– सचिव, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, युवा कार्य तथा खेल विभाग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली 110001।

2– निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग को अपर मुख्य सचिव/सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।

3– निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0 प्रयागराज को इस आशय से प्रेषित के वे समस्त राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यो को तुरन्त आवश्यक निर्देश देने का कष्ट करें कि वे उपयुक्त अभ्यर्थियों के प्रार्थना पत्र अपनी संस्तुति सहित दिनांक 07 मार्च, 2020 के भीतर शासन को उपलब्ध करा दें।

4– क्षेत्रीय निदेशक, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय केन्द्र, केन्द्रीय भवन, सेक्टर–एच0, अलीगंज, लखनऊ।

5– अपर सचिव, उच्च शिक्षा परिषद् को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त आदेश को उच्च शिक्षा विभाग के वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

6– उच्च शिक्षा अनुभाग–3/4/5, उ0प्र0 सचिवालय लखनऊ।

आज्ञा से,

( श्रवण कुमार सिंह )
संयुक्त सचिव।

# आवेदन का प्रारूप

## विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी के पद हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप :–

(1) आवेदक का नाम – ......... ..............
(2) जन्मतिथि – ......... ..............
(3) वर्तमान पद तथा वेतनक्रम – ......... ..............
(4) शैक्षिक योग्यता – ......... ..............

| क्र0सं0 | परीक्षा का नाम | वर्ष | संस्था | विषय | उत्तीर्ण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हाईस्कूल | | | | |
| 2. | इण्टरमीडिएट | | | | |
| 3. | बी0ए0 / बी0एस0सी0 / बी0काम | | | | |
| 4. | एम0ए0 / एम0एस0सी0 / एम0काम | | | | |
| 5. | अन्य / पी0एच0डी0 | | | | |

(5) अध्यापक के रूप में नियुक्ति की प्रथम तिथि –
(6) राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत वि0वि0 महाविद्यालय, जहॉं कार्यक्रम समन्वयक / कार्यक्रम अधिकारी के रूप में कार्य किया हो। –
(7) कार्य का अनुभव –
(अ) कार्यक्रम अधिकारी के रूप में –
(ब) कार्यक्रम समन्वयक के रूप में –
(8) कार्यक्रम समन्वयक / कार्यक्रम अधिकारी के रूप में किये गये उल्लेखनीय कार्यो का विवरण: –
(9) समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य–
(10) टी0ओ0सी0 / टी0ओ0आर0सी0 द्वारा आयोजित ओरियेन्टेशन / रिफेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया (प्रमाण पत्र सहित) – हॉं / नहीं
(11) कार्यरत् संस्था का नाम व स्थानीय पता –
(12) अन्य विवरण –

प्राचार्य / कुलसचिव की संस्तुति

(आवेदक के हस्ताक्षर)

**नोट:–** जन्मतिथि / रीडर अथवा वरिष्ठ प्रवक्ता / कार्यक्रम समन्वयक / कार्यक्रम अधिकारी / टी0ओ0सी0 द्वारा प्राप्त प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र (सभी प्रमाण पत्र) का साक्ष्य प्रस्तुत किया जाय।